**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–29 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वार्षिक एनसीसी पीएम रैली में भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की चर्चा की। कहा–भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा यह समझौता।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने बजट सत्र के पहले दिन संसद के संयुक्त सत्र को किया संबोधित। कहा–सरकार के निरंतर प्रयासों से करोड़ों भारतीयों को मिल रहा है सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धार्थनगर महोत्सव में एक हजार बावन करोड़ रुपये की दो सौ उन्तीस परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। गोरखपुर–शामली इकोनॉमिक कॉरिडोर से पूर्वांचल के विकास का रास्ता खुलने की उम्मीद जताई।
- थाईलैंड की महारानी सत्तर सदस्यीय दल के साथ दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर पहुंची कुशीनगर। आज महापरिनिर्वाण मंदिर में करेंगी विशेष पूजा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वित्तपोषण और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तक बेहतर पहुंच बनाकर भारतीय स्टार्टअप्स को लाभान्वित करेगा। यह समझौता भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में कल वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित कर रहे थे।

**भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच ऐतिहासिक फ्रीट्रेड एग्रीमेंट पर सहमति हुई है। इससे पहले ओमान, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और मॉरिशस जैसे देशों के साथ भी भारत ने फ्रीट्रेड एग्रीमेंट किए हैं। यह सारे एग्रीमेंट हमारे लाखों करोडों नौजवानों के लिए अनगिनत अवसर बनाने वाले हैं।**

श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश–प्रथम की सोच के साथ परिभाषित करते हैं।

**एनसीसी एक ऐसा संगठन, एक ऐसा आंदोलन है, जो भारत की युवाशक्ति को आत्मविश्वासी बनाता है, अनुशासित बनाता है, संवेदनशील बनाता है और राष्ट्र के लिए समर्पित नागरिक बनाता है। बीते वर्षों में एनसीसी कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो चुकी है।**

**********

संसद का बजट सत्र कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों में संयुक्त संबोधन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने से संबंधित केंद्र सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य को समावेशी राष्ट्रीय विकास का केंद्रीय स्तंभ बताया।

**गरीब मरीजों के लिए प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना से बीते वर्ष देशभर के अस्पतालों में मुफ्त इलाज किए जा चुके हैं। इसी तरह कहते है बीते वर्ष ढाई करोड़ गरीबों को मुफ्त इलाज मिला है।**

राष्ट्रपति ने सरकार के "सबका साथ, सबका विकास" के दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसके अंतर्गत सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तथा मानव पूंजी विकास का केंद्र है, जिसमें समाज के गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों पर विशेष जोर दिया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ करोड़ों भारतीयों को मिल रहा है।

**सबका साथ, सबका विकास' का विजन देश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक प्रभाव ला रहा है। वर्ष 2014 की शुरूआत में सिर्फ 25 करोड़ नागरिकों तक ही सोशल सिक्योरिटी की योजनाएं पहुंच पाती थीं। सरकार के प्रयासों ने निरंतता की वजह से करीब 95 करोड़ भारतीयों को सोशल सिक्योरिटी का अवार्ड मिला है।**

बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार पच्चीस–छब्बीस पेश करेंगी। केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताइस रविवार को पेश किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल जापान के यामानाशी प्रान्त के उप–राज्यपाल जुनिची इशिडोरा के नेतृत्व में आए आठ सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री के साथ हुई इस प्रतिनिधिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी और उत्तर प्रदेश और यामानाशी प्रान्त के बीच उभरते सहयोग को और आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कल ही यामानाशी प्रांत से आए इस जापानी प्रतिनिधिमंडल और प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच उच्चस्तरीय बैठक भी हुई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पांच दिवसीय सिद्धार्थनगर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक हजार बावन करोड़ रुपये की दो सौ उन्तीस परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के समग्रता और सतत विकास के भाव से कार्य कर रही है।

**हम लोगों ने कहा कि हर एक इंटरस्टेट कनेक्टिविटी, इंटरनेशनल कनेक्टिविटी वह फोर लेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी होनी चाहिए और मुझे अच्छा लगा कि सिद्धार्थनगर जनपद की कनेक्टिविटी को भी हम फोर लेन के साथ बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। सिद्धार्थनगर जनपद में गोरखपुर सामली इकोनॉमिक कॉरिडोर यह भी बांसी, डुमरियागंज और इटवा तीन विधानसभा क्षेत्रों को टच करते हुए एक एक नए विकास का कॉरिडोर बनने जा रहा है।**

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल लखनऊ में सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ना है। उन्होंने यूरोपीय संघ के साथ भारत के खुले व्यापार समझौते का स्वागत किया।

**यूरोपीय यूनियन के साथ भारत की ओपन ट्रेड डील का हम उत्तर प्रदेश की ओर से स्वागत करते हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि यूरोप के बाजार जब भारत के लिए खुलेंगे तो उत्तर प्रदेश के समूहों के दीदियों के द्वारा जो उत्पाद तैयार हो, उसमें से भी कुछ बिकने के लिए जाए।**

**********

थाईलैंड की महारानी चखुन सिनिनात वांगवजीरापकडी कल सत्तर सदस्यीय दल के साथ धार्मिक यात्रा पर कुशीनगर पहुंचीं। दो दिवसीय यात्रा के दौरान आज वह महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विशेष पूजा करेंगी। इसके बाद वह रामाभार स्तूप का पूजन वंदन कर के लुंबिनी के लिए रवाना होंगी।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में कृषि विभाग की हेल्पलाइन की शुरुआत की। कृषि मंत्री ने बताया कि हेल्पलाइन नम्बर शून्य पांच दो दो –दो तीन एक सात शून्य शून्य तीन की मदद से प्रदेश के किसान खेती से संबंधी समस्याओं और योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**********

महाराष्ट्र के बारामती में कल हुए एक विमान हादसे में वहां के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित पांच लोगो का निधन हो गया। मृतकों में जौनपुर की रहने वाली फ्लाइट अटेन्डेंट पिंकी माली भी शामिल हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया कि विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में उपमुख्यमंत्री के साथ दो कर्मी और दो विमान कर्मी सदस्य सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए उप मुख्यमंत्री सहित सभी मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में कल रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। संभल में अत्यधिक वर्षा और शीतलहर के चलते कक्षा एक से आठ तक के स्कूल बंद रहे। वहीं पीलीभीत में हुई बारिश से किसानों को राहत मिली है। पीलीभीत कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ढाका ने कहा कि इस समय होने वाली बारिश फसलों के लिए लाभदायक है।

**यह वर्षा इस समय खेतों में खड़ी सभी फसलों के लिए बहुत अधिक लाभदायक है। जिसमें सबसे मुख्य गेहूं की फसल है, जिसमें किसानों के दूसरे या तीसरे पानी का समय हो रहा था। उन सबको इससे अत्यधिक लाभ होगा। इसके साथ–साथ लाही की फसल, मसूर की फसल, मटर की फसल सभी फसलों के लिए बहुत अच्छी है। कहीं–कहीं किसी स्थान पर यदि तेज हवा की वजह से थोड़े बहुत लाही या सरसों के पौधे झुक गए हैं। उसमें भी कोई इतनी बड़ी समस्या नहीं है।**

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********